राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

ब्लाक ए/4, गौतम नगर, भोपाल 462023

Web site-rgpvdiploma.in Email - rgpvpoly@rediffmail.com Fax - 0755-2583656, 2600164

क्रमांक/रागाप्रौवि/गोप/2021/ 251 भोपाल, दिनांक 23-6-2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
मध्यप्रदेश

विषय – आगामी डिप्लोमा परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में ।

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के अंतिम दो सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 14 जुलाई से वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाईन आयोजित की जाएंगी । परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक 25/26 जून 2021 से उपलब्ध हो सकेंगे ।

अंतिम दो सेमेस्टर की परीक्षा समाप्ति उपरांत संभवतः 25 जुलाई से अन्य सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के ओसीबीसी पाठ्यक्रम की प्रमुख ब्रांच (सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स, आप्टो इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाईल, सीमेंट, कैमिकल, रिफायनरी पेट्रोकेमिकल, आरएसी, कम्प्यूटर साइंस, आई.टी., कम्प्यूटर हार्डवेयर मेंटेनेंस एवं माइनिंग एण्ड माइन सर्वेइंग) की परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की आयोजित की जाएगी ।

ओसीबीसी पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के पेपर कोड़ 6801 से 6812 एवं पूर्व पाठ्यक्रम के पेपर कोड़ 5132, 5161, 6301 से 6036 तक की परीक्षा भी वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाईन आयोजित की जाएगी । अन्य समस्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं तृतीय सेमेस्टर ओसीबीसी, भूतपूर्व विद्यार्थी तथ पूर्व के ग्रेडिंग पाठ्यक्रमों की परीक्षा सब्जेक्टिव प्रकार के विद्यार्थियों के लॉग इन आईडी पर ऑनलाईन प्रश्नपत्र उपलब्ध कराते हुए आयोजित की जाएगी ।

प्रायोगिक परीक्षाएं सैद्धांतिक परीक्षाओं के उपरांत पूर्व में जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप ऑनलाईन माध्यम से ही कराई जाएंगी । परीक्षा के रजिस्ट्रेशन, टाइम टेबल एवं अन्य जानकारी को समय–समय पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा । आप अपनी संस्था के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अवगत करावें । परीक्षा प्रभारी एवं उनके सहायक अधिकारी एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन परीक्षा के रजिस्ट्रेशन एवं समस्त प्रकिया को भलीभांति समझने के निर्देश दें, जिससे परीक्षा के समय आपकी संस्था के विद्यार्थियों को असुविधा न हो ।

सचिव,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल